RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 84 • 09:04:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## प्रथम शैलपुत्री



नवरात्रि उत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों का सम्मान एवं पूजा की जाती है। जिसे नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है। मां दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरुप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है।

## शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि आज से

- **घर-घर विराजेंगी मां जगदम्बा, भक्त रखेंगे उपवास**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कल 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि शुरू हो रही है। नवरात्रि में देवी दुर्गा की पूजा के साथ ही मंत्र जप और ध्यान करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन को शांति मिलती है। इन दिनों में छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन भी करना चाहिए। भोजन के बाद कन्याओं का पूजन करें। कन्याओं को लाल चुनरी ओढ़ाएं। दक्षिणा दें। पढ़ाई के लिए जरूरी चीजें भेंट करें। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक,



नवरात्रि रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। स्नान के बाद घर के मंदिर में पूजा करें। पूजा के साथ ही मंत्र जप और ध्यान भी जरूर करें। सुबह-सुबह किए गए जप और ध्यान से ऊर्जा और उत्साह बना रहता है। आलस दूर रहता है। ध्यान करने से शरीर को स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में ही घटस्थापना जिसे कलश स्थापना भी कहा जाता है की जाती है। मंगलवार 9 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 32 मिनट तक पंचक रहने वाले हैं। इसलिए घटस्थापना इस समय या इससे पहले करना संभव नहीं है। इसके बाद 9 बजकर 11 मिनट से अशुभ चौघड़िया रहेगा। इसलिए घट स्थापना शुभ चौघड़िया यानी 9 बजकर 12 मिनट से 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। इसलिए इस दौरान घटस्थापना की जा सकती है। घटस्थापना के लिए सर्वोत्तम मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त है। अभिजीत मुहूर्त का आरंभ 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। सबसे उत्तम मुहूर्त कलश स्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त ही है। दरअसल, अभिजीत मुहूर्त के दौरान वैघृत और अश्विनी नक्षत्र का शुभ संयोग भी रहने वाला है।

## कांग्रेस किसे देगी 50 फीसदी आरक्षण, जनता को बता तो दे

- **मुस्लिम लीग वाला घोषणा पत्र बताकर बरसे जेपी नड्डा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि यदि उसकी सरकार केंद्र में बनती है तो फिर जातिगत आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को खत्म किया जाएगा। इसके अलावा अल्पसंख्यकों को पहनावे, खानपान और उनके पर्सनल लॉ गारंटी दी जाएगी। अब उसके इन वादों को लेकर भाजपा फायर हो रही है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मैं तो कांग्रेस का घोषणा पत्र देखकर हैरान हूं। सोमवार को उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग वाली मानसिकता दिखा दी है। उसे इन वादों पर जवाब तो देना ही होगा। जेपी नड्डा




ने कहा, आखिर कांग्रेस 50 पर्सेंट से ज्यादा का आरक्षण देने की बात किसके लिए कर रही है। इन्होंने अपनी सरकार के दौरान देश के बहुसंख्यक समुदाय के खिलाफ ऐसा कानून बनाया था, जो लोगों को जेल में डालने वाला था। यह कानून संसद में पारित नहीं हो सका था। अब जिस आरक्षण की बात कांग्रेस कर रही है, वह किसके लिए है और क्यों है। यह कांग्रेस को बताना ही होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। हम तो उनका घोषणापत्र देखकर हैरान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एकदम मुस्लिम लीग वाली मानसिकता दिखा दी है। उन्होंने कहा कि वायनाड में जब राहुल गांधी नामांकन के लिए पहुंचे तो वहां कांग्रेस के झंडे भी नहीं था। ऐसा क्यों किया गया, यह कांग्रेस नहीं बताएगी। ऐसा इसलिए हुआ ताकि मुस्लिम लीग को बुरा न लग जाए। आखिर तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस किस हद तक गिरेगी। बता दें कि पीएम ने भी इससे पहले एक रैली को संबोधित करते हुए था कि कांग्रेस के मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग और वामपंथियों की छाप दिखती है।

# केंद्र और राज्यों के बीच न हो किसी तरह की प्रतिस्पर्धा

### सामने आई सुप्रीम चिंता,दनादन कोर्ट पहुंच रहीं राज्य सरकारें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच किसी तरह की कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होनी चाहिए। सूखा राहत फंड जारी करने के विवाद पर कर्नाटक सरकार की एक याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ये टिप्पणी की है। इससे पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार से कर्नाटक सरकार की याचिका पर जवाब देने को कहा था। कर्नाटक राज्य बनाम भारत संघ और अन्य के मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि कई राज्य सरकारें अब शीर्ष अदालत का रुख कर रही हैं। इसलिए इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि संघ और राज्य के बीच कोई प्रतिस्पर्धा ना हो। जस्टिस गवई और जस्टिस मेहता की खंडपीठ कर्नाटक सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि केंद्र सरकार कर्नाटक में सूखे



की स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार को वित्तीय सहायता नहीं दे रही है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि उसे मजबूरी में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है क्योंकि केंद्र सरकार सूखा राहत फंड देने में कथित तौर पर मनमानी कर रही है, जिससे कर्नाटक के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। राज्य सरकार ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम की रिपोर्ट पर अभी तक कार्रवाई नहीं की है, जबकि रिपोर्ट जमा किए छह महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। कांग्रेस शासित राज्य ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि केंद्र द्वारा राज्य को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष के लाभों को रोकने के कारण राज्य की स्थिति और खराब हो गई है।

## केसीआर की बेटी कविता की जमानत याचिका खारिज

### दिल्ली शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं बीआरएस नेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद केसीआर की बेटी के कविता की जमानत याचिका खारिज हो गई है। राउज एवेंन्यू कोर्ट ने आज मामले में सुनवाई में यह फैसला सुनाया। बीआरएस एमएलसी के कविता ने अपने बेटे की स्कूल



परीक्षाओं को आधार बनाकर अंतरिम जमानत मांगी थी। बता दें कि शराब घोटाला मामले में वो ईडी की रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में हैं। इससे पहले राउज एवेंन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले की आरोपी के कविता की अंतरिम जमानत याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई कर ली थी। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। आज अदालत ने कविता की जमानत अर्जी खारिज कर दी। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में हाल ही में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन की भी गिरफ्तारी हो चुकी है।

# जनता ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई: पीएम

### कांग्रेसी मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे, मैं इनसे डरने वाला नहीं

**जगदलपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी इन धमकियों से डरने वाला नहीं है। आप ही बताए गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए की नहीं। मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म किया उन्होंने बचाने का काम किया। वे छत्तीसगढ़ में जगदलपुर के आमाबाल गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप हैं। यह इलाका भाजपा के दिवंगत नेता बलिराम कश्यप और कश्यप परिवार का कहा जाता है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सभा के दौरान कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी। पहले दिल्ली से 1 रुपए निकलता था और 15 पैसे गांव तक पहुंचता था।



कांग्रेसियों को लगा था कि इन्हें लूट का लाइसेंस मिल गया है लेकिन भाजपा की सरकार आते ही ये लाइसेंस कैंसिल कर दिया। अब लूट का लाइसेंस कैंसिल कर दिया तो ये मुझे गाली देते हैं। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। कोरोना काल में मैंने कहा था मैं देश के हर गरीब के साथ खड़ा हूं। मोदी सरकार ने आपको मुफ्त टीका लगवाया, गरीबों को मुफ्त राशन की दुकानें खुलवाई। मुफ्त राशन और मुफ्त वैक्सीनेशन के लिए 4 लाख करोड़ खर्च किए गए। आगे भी मुफ्त राशन की योजना जारी रहेगी। मैंने 34 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। दिल्ली से पूरा पैसे निकलकर लोगों के खातों में पहुंचा। भाजपा की पहली प्राथमिकता गरीबों की चिंता है। चिंता दूर नहीं हुई तो चैन से नहीं बैठूंगा।

## दक्षिण के द्वार से आगे बढ़ अंदर तक जाएगी भाजपा!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के लिए अब तक कर्नाटक को दक्षिण का द्वार कहा जाता था और वह यहां कई बार सरकार बना चुकी है। यही नहीं लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को यहां से बड़ी सफलता मिलती रही है। 2019 के आम चुनाव में तो कर्नाटक में भाजपा को कुल 28 में से 25 सीटें



मिली थीं। इसके अलावा 2014 में भी यहां से 17 सीटें जीत गई थी। हालांकि उसके पड़ोसी और सुदूर दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में भाजपा अब तक बड़ी सफलता हासिल नहीं कर पाई है। फिर भी इस बार भाजपा तस्वीर पूरी तरह से बदलना चाहती है। यही वजह है कि एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दौरे कर रहे हैं तो वहीं प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के नेतृत्व में राज्य यूनिट आक्रामक रुख अपनाए हुए है। अब पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार से फिर तमिलनाडु के दौरे पर जा रहे हैं। वह 4 दिन राज्य में रहेंगे और इस साल यह उनका 7वां तमिलनाडु दौरा होगा। इस तरह महज 100 दिनों में पीएम मोदी 7 बार तमिलनाडु पहुंचेंगे।

## 5 करोड़ कैश और 106 किलोग्राम ज्वेलरी बरामद

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तेज होती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच तमाम दल चुनावी मुद्दों के साथ जनता के बीच जा रहे हैं। पार्टियां शक्ति प्रदर्शन कर रही हैं। वहीं, चुनाव आयोग और पुलिस की टीम आचार संहिता के तहत देश भर में नजर रखे हुए हैं। कर्नाटक में पुलिस को छापेमारी के दौरान बेहिसाब दौलत मिली है। पुलिस ने यहां से 5 करोड़ कैश और 106 किलोग्राम ज्वेलरी की बरामदगी की। चुनाव के बीच कर्नाटक में बड़ी छापेमारी करते हुए पुलिस ने एक ज्वेलरी शॉप के मालिक के घर से 5.60 करोड़ रुपये कैश, 3 किलो सोना, 103 किलो चांदी के आभूषण और 68 चांदी की छड़ें जब्त कीं। यह छापेमारी कर्नाटक के बेल्लारी शहर में की गई है।

# देश में अब गर्मी वाले दिनों की बारी



### जल्द शुरू होगा 40 डिग्री वाला टॉर्चर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश समेत देश के बड़े हिस्से में गर्मी बढ़ती जा रही है। यूपी के बुंदेलखंड में तो अधिकतम तापमान अभी से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है। वहीं दिल्ली एनसीआर में फिलहाल अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस तक बना हुआ है। फिलहाल मामूली राहत है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले एक सप्ताह में चुनौती बढ़ने वाली है। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश के इलाके में भी तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। खासतौर पर दोपहर के वक्त गर्मी ज्यादा हो सकती है और बाहर निकलकर काम करने वाले लोगों को समस्या होगी। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 15 अप्रैल के आसपास तापमान में तेजी से इजाफा होगा और यह 40 डिग्री के करीब होगा। यदि तापमान 35 के आसपास रहता है तो ज्यादा गर्मी महसूस नहीं होती, लेकिन 40 से ऊपर बढ़ता स्तर चिंता भी बढ़ाने लगता है। हालांकि इस बीच राहत की एक खबर है कि एक बार फिर से पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा और 13 से 15 अप्रैल के दौरान बारिश शुरू होगी। यह बारिश जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में होगी। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश में भी बारिश होगी। दरअसल मौसम विभाग ने दो पश्चिमी विक्षोभ का अनुमान जताया था। इसके मुताबिक उत्तर पश्चिम भारत में पहला पश्चिमी विक्षोभ 1 से 10 अप्रैल तक सक्रिय होगा। वहीं दूसरा विक्षोभ 13 से 15 अप्रैल के दौरान सक्रिय होगा। इस तरह 15 अप्रैल तक कई राज्यों में गर्मी कम रहेगी, लेकिन कुछ इलाकों में उससे पहले ही बढ़ सकती है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में भी तापमान में इजाफा होगा।

## तिहाड़ से बाहर निकले संजय सिंह को फिर लगा झटका

### सुप्रीम कोर्ट ने पीएम मोदी डिग्री मामले में खारिज की याचिका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 3 अप्रैल को आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह तिहाड़ जेल से बाहर आए। कथित शराब घोटाले में ईडी ने उन्हें छह महीने पहले गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इस मामले में कुछ शर्तों के साथ बेल दी है। ऐसे में अब संजय सिंह को देश की सबसे बड़ी अदालत से एक झटका लगा है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने गुजरात की एक अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी थी। यह पीएम मोदी डिग्री से जुड़ा मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री पर सवाल उठाने के मामले में आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जारी मानहानि समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। संजय सिंह ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा जारी समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। दरअसल, गुजरात हाई कोर्ट ने पीएम मोदी की डिग्रियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के आदेश को रद्द कर दिया था।

## मोदी फिर सत्ता में लौटे तो जेल में होंगे सारे विपक्षी नेता

- **ममता बनर्जी का बड़ा हमला, कहा-यही उनकी गारंटी का मतलब है**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यदि तीसरी बार सत्ता में लौटे तो विपक्ष के सारे नेताओं को जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के वादे का मतलब है कि विपक्षी नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। देश में



लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है और सात चरणों में होने वाले मतदान की शुरुआत 19 अप्रैल को पहले चरण से होगी जबकि चार जून को मतगणना होगी। बांकुरा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि एनआईए की टीम स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर गई थी। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री चुनावी सभा को संबोधित करने पश्चिम बंगाल आ रहे हैं। मुझे इससे कोई समस्या नहीं है, लेकिन जिस तरह से वह कह रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, वह अस्वीकार्य है।'

## हमास के लिए ईद पर मिठास में बदलेगी जंग!

### सैनिकों को बुलाने के बाद इजरायल का एक और फैसला

**तेल अवीव (एजेंसी)।** क्या ईद से पहले पश्चिम एशिया यानी अरब देशों में चल रही जंग रिश्तों की मिठास में तब्दील होगी। इजरायल की ओर से गाजा पट्टी से सैनिकों को वापस बुलाए जाने के बाद यह सवाल उठ रहा है। अक्टूबर से जारी जंग को 6 महीने बीत चुके हैं और रविवार को इजरायल ने अचानक ही दक्षिणी गाजा से सैनिकों को वापस बुला लिया। इजरायल के डिफेंस मिनिस्टर योआव गैलंट ने इसकी जानकारी दी थी और कहा था कि हमास राफा में हमला कर सकता है। ऐसे में उसकी तैयारी और भविष्य की तैयारियों के लिहाज से यह फैसला लिया गया है। इजरायल का कहना है कि उसने दक्षिणी गाजा में अब बस एक ही ब्रिगेड को छोड़ा है। इस बीच एक उम्मीद की किरण भी जगी है क्योंकि इजरायल और हमास दोनों ने ही अपने एक प्रतिनिधिमंडल को मिस्र भेजा है ताकि नए दौर की वार्ता हो सके। इसी वजह से कहा जा रहा है कि ईद के मौके पर पश्चिम एशिया में मिठास घुल सकती है। इजरायल पर हमास ने 7 अक्टूबर को



भीषण हमला कर दिया था, जिसमें 1200 लोग मारे गए थे। इसके अलावा करीब 250 लोगों को अगवा कर लिया गया था। इसके बाद से ही इजरायल की ओर से लगातार फिलिस्तीन के गाजा और पश्चिमी बैंक के भी एक हिस्से पर हमले किए जा रहे थे। बेंजामिन नेतन्याहू सरकार की ओर से सैनिकों की वापसी के बाद अब खान यूनिस शहर में फिलिस्तीनियों की वापसी शुरू हो गई है। अब तक शेल्टर होम में ठहरे लाखों लोग अस्थायी आशियानों के लिए लौटने लगे हैं। लेकिन शहर पूरी तरह धूल धूसरित हो चुका है। हर तरफ मलबा है और कई जगहों पर तो सड़ती हुई लाशों की दुर्गंध तक आ रही है। दरअसल यही खान यूनिस शहर हमास के गाजा चीफ याहया सिनवार का गढ़ रहा है। कहा जाता है कि वह यहीं का रहने वाला था। इजरायल का कहना है कि 7 अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड याहया सिनवार ही है। हालांकि इजरायल का कहना है कि अब भी अहम मोर्चों पर उसकी सेनाएं तैनात रहेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राइफल, पिस्टल एवं कारतूस के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना की पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय अपराधकर्मियों के विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में गोखुलपुर थाना पुलिस के द्वारा ग्राम शाहपुर में छापेमारी की गई। जहां से हरि यादव के पुत्र शंभू कुमार को लोडेड राइफल, पिस्टल एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार रहुई थाना की पुलिस के द्वारा रहुई थाना क्षेत्र के ओरी मोड़ पर छापेमारी कर ओरी गांव निवासी शंकर राम के पुत्र संजय कुमार को लोडेड देशी पिस्तौल और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में गोखुलपुर थाना अध्यक्ष शिवम कुमार सुमन, रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा देवेंद्र पंडित,शशि रंजन कुमार मिश्रा एवं दोनों थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहीं। अपराधिकर्मियों के पास से .315 बोर का देशी राइफल, 2 देशी पिस्तौल,.315 बोर की पांच जिंदा कारतूस बरामद की गई। बरामद हथियार कारतूस के आधार पर गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना में अलग-अलग कांड आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

### सीबीआई अधिकारी बनकर की ठगी

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के चांदपुर निवासी सुधीर कुमार पांडे ने कहा है कि मेरे मोबाइल नंबर पर 3.35 बजे एक नंबर से कॉल आया। जिसमें उसने अपना नाम विशाल कुमार सीबीआई ऑफिसर बताया। इसे लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में कहा कि आपकी बेटी जो कोलकता में है। वह फ्रॉड केस में गिरफ्तार हो चुकी है। साथ में तीन साथी और हैं। आपकी पुत्री के विरुद्ध कोई सबूत नहीं है। यदि इस केस से आप बचाने का प्रयास कर सकते हैं तो आप मुझे तुरंत 75 हजार रुपये दे दीजिए। उसने मेरी पुत्री की आवाज भी सुनाई। मैने दिये नंबर पर शाम चार बजे सात हजार रुपये भेज दिया।

### बड़ों का नहीं करे निरादर: सियाकांत शरण

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** प्रेम बहुत सुंदर शब्द है। प्रेम कई प्रकार के होते हैं। माता-पिता से, परिवार से, पति-पत्नी के बीच, गुरु शिष्य के बीच, दोस्ती का प्रेम, प्रेमी प्रेमिका का प्रेम और भागवत प्रेम सभी का अलग-अलग महत्व है। प्रेम निभाने की चीज है। यह बातें शिवनारायणपुर चैती दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक सियाकांत शरण शंकर महाराज ने कही है। उन्होंने सती चरित्र कथा का वर्णन करते हुए कहा कि बड़ों के आज्ञा का पालन करना चाहिए। उनका निरादर कभी नहीं करें। उन्होंने शि- पार्वती विवाह व ताड़कासुर बध पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को एक रास्ता दिखाया की कभी भी गलत कार्य नहीं करें। अरुण, दामोदर, चंदन, विजय ने माला पहनाकर कथावाचक का स्वागत किया।

### रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और ईद शांति से मनायें

**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और ईद पर्व को शांति से मनाने के लिए सन्हौला थाना परिसर मे थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की हुई। उपस्थिति गणमान्य लोगों से विभिन्न जगहों पर होने वाले कार्यक्रमों का जायजा लिया गया। बताया गया कि चैती दुर्गा में 14 अप्रैल को माता की प्रतिमा की स्थापना के साथ मेला लगेगा। मेला लगाने से पहले मेड़पति और आयोजक थाने में आवेदन के साथ 20 लोगों के आधार कार्ड व मोबाइल नंबर देने का निर्देश दिया गया।

## कोलकाता-पटना और हावड़ा-मुजफ्फरपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

### झाझा में ठहराव होने से जमुई के लोगों को भी फायदा, दोनों तरफ से एक ट्रिप चलेगी गाड़ी



**जमुई, एजेंसी।** रेलवे ने कोलकाता- पटना और हावड़ा -मुजफ्फरपुर के बीच यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दोनों तरफ से एक-एक ट्रीप चलाई जाएगी। आसनसोल सूचना पदाधिकारी दीप्तिमय दत्त ने बताया कि यह ट्रेन कोलकाता और हावड़ा से आज से एक ट्रीप के लिए चलेगी। 03135 कोलकाता-पटना स्पेशल आगामी 8 अप्रैल को कोलकाता से रात्रि के 11:55 बजे रवाना होकर अगले दिन 10:15 बजे पटना पहुंचेगी। डाउन में यही ट्रेन संख्या 03136 पटना-कोलकाता स्पेशल आगामी 9 अप्रैल को 12:15 बजे पटना से रवाना होगी। उसी दिन रात्रि के 11:35 बजे कोलकाता पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन बर्धमान में रुकेगी। यह ट्रेन दोनों तरफ से दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा स्टेशन पर रुकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

**छपरा-जलना स्पेशल ट्रेन 28 जून तक चलेगी :** रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलाई जा रही ट्रेन संख्या 07651-07652 जलना-छपरा-जलना विशेष गाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार किया है। इस ट्रेन से संचालन अवधि विस्तारित होने से छपरा और आसपास के यात्रियों को जलना के बीच यात्रा करने में सहूलियत मिलेगी। जानकारी जनसम्पर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने पत्र जारी करते हुए दी है।

**छपरा से जलना के बीच चलने वाली यह एकमात्र ट्रेन :** जलना से प्रत्येक बुधवार को चलाई जा रही 07651 जलना-छपरा विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 26 जून तक और छपरा से प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जा रही 07652 छपरा-जलना विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 28 जून तक किया गया है। छपरा से जलना के बीच चलने वाली यह एकमात्र ट्रेन है। इस गाड़ी में एसएलआर के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाए जा रहे हैं।

#### हावड़ा से रात 11:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी

पीआरओ ने बताया कि 03045 हावड़ा–मुजफ्फरपुर स्पेशल हावड़ा से रात्रि 11:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। डाउन में यही ट्रेन संख्या 03046 मुजफ्फरपुर–हावड़ा स्पेशल 9 अप्रैल को दिन के 01:00 बजे मुजफ्फरपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन 1 : 20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में बंडेल, बर्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा में रुकेगी। उन्होंने बताया कि दोनों विशेष ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित बोगी होंगे। 03135 कोलकाता–पटना स्पेशल और 03045 हावड़ा–मुजफ्फरपुर स्पेशल की बुकिंग पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है।

### भागलपुर में बम से हड़कंप; सड़क किनारे प्लास्टिक में लिपटा मिला, सीसीटीवी से सुराग तलाश रही पुलिस

**भागलपुर , एजेंसी।** भागलपुर जिले के हुसैनाबाद इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब सड़क किनारे पॉलीथीन में लिपटा बम मिला। जिसके बाद इलाके के लोगों में दहशत है। बबरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद में रविवार की रात सड़क किनारे बम मिलने से सनसनी फैल गई। रात साढ़े नौ बजे पुलिस को बम मिलने की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर बबरगंज थानेदार रविशंकर सहित अन्य पदाधिकारी वहां पहुंचे। सड़क किनारे पन्नी में लपेटा हुआ बम मिला। पुलिस तुरंत इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दी गई। उसके बाद बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि असामाजिक तत्वों ने दहशत फैलाने के लिए वहां पर बम रखा है। आस-पास कई लोगों से पूछताछ की गई पर बम रखने वाले की पहचान नहीं हो सकी। वहीं पुलिस वहां पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। चुनाव का समय होने की वजह से पुलिस सतर्क है। हालांकि अभी तक इस बात की जानकारी नहीं लग लगी है। कि बम रखने वाले आरोपी कौन हैं।

## भाई के सामने बहन की तालाब में डूब कर मौत

### पानी छूने के दौरान फिसला पैर, गहरे पानी में जाने से मासूम बच्ची की हुई मौत



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में रविवार को पानी भरे तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इचहोस तकिया पर गांव का है। मृतका की पहचान उपेंद्र सपेरा की (10) वर्षीया पुत्री प्रीती कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर पुलिस की मदद से बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतका के पिता उपेंद्र सपेरा ने बताया कि उनकी बेटी शौच के लिए गांव के तालाब के पास ही गई थी। पानी छूने के दौरान उसका पैर फिसल गया और तालाब में जा गिरी। तालाब गहरा और पानी भरा होने के कारण वह उसमें डूब गई। इसकी सूचना उनके बेटे निर्मल ने घर आकर बताया इसके बाद आसपास के लोग तालाब के पास पहुंचे और घंटों मसशक्त के बाद उनकी बेटी के शव को तालाब से बाहर निकाला जा सका। मृतका दो बहनों में छोटी जबकि भाई से बड़ी थी। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह गांव के तालाब के पास खेलने गई थी। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। उपेंद्र सपेरा मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि तालाब में डूबने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## होली के बाद अब ईद पर भी जारी रहेगी शिक्षकों की ट्रेनिंग, इमारत-ए-शरिया ने सीएम नीतीश को लिखा पत्र

**पटना , एजेंसी।** बिहार में शिक्षा विभाग ने अब होली के बाद ईद के मौके पर भी शिक्षकों की आवासीय ट्रेनिंग रख दिया है. छह दिवसीय प्रशिक्षण में 19000 के करीब शिक्षकों को शिक्षा के नवाचारों से प्रशिक्षित किया जा रहा है. प्रदेश के सभी 6 लाख शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है और ट्रेनिंग सेंटर की संख्या को देखते हुए एक बैच में लगभग 19000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. एससीईआरटी की ओर से चरणवार तरीके से शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण करा रहा है. शिक्षा विभाग ने यह ट्रेनिंग 8 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच निर्धारित की है और यह आवासीय प्रशिक्षण है. होली के मौके पर भी यह प्रशिक्षण जारी था. गुड फ्राइडे के मौके पर भी यह प्रशिक्षण जारी था. तमाम शिक्षक संगठनों ने और विभिन्न राजनेताओं ने होली के समय भी इसे आगे बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था लेकिन विभाग ने बात नहीं सुनी थी. अब 10 अथवा 11 अप्रैल को ईद है. ऐसे में कई मुस्लिम शिक्षकों ने इमारत ए सरिया फुलवारी शरीफ को रविवार को फोन किया. कई शिक्षकों ने इमारत के पदाधिकारी से मुलाकात की और इमारत ने भी इसे गंभीरता से लिया है.





इमारत–ए–शरिया ने सीएम को लिखा पत्र

इमारत ए शरिया के कार्यवाहक नाजिम मौलाना शिबली अल कासमी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है.पत्र में उन्होंने लिखा है कि ईद के मौके पर देश भर में छुट्टियां रहती हैं और ईद मुसलमान का सबसे बड़ा पर्व है. उन्होंने सरकार से पूछा है कि ऐसे में ईद के दिन मुस्लिम शिक्षक ट्रेनिंग कैसे कर सकते हैं. मुस्लिम शिक्षक परिवार के साथ ईद की खुशियां कैसे मना सकेंगे. उन्होंने सरकार को कहा है कि आवासीय ट्रेनिंग की तारीख को आगे बढ़ा दिया जाए ताकि सभी शिक्षकों को आसानी हो जाए और वह परिवार के साथ खुशियां मना सके.

## नवरात्र के समय मां आशापुरी मंदिर में तंत्र विधि से होती है पूजा, वर्षो से चली आ रही परंपरा

**नालंदा, एजेंसी।** चैत्र नवरात्र का पर्व महादेवी को समर्पित है। इस दौरान दुर्गा माता के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा की जाती है। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है। ऐसा माना जाता है कि जो साधक इस व्रत के सभी नियमों का पालन करते हैं उन्हें मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है साथ ही जीवन में खुशहाली बनी रहती है। वहीँ नालंदा में एक देवी मंदिर ऐसा है जहां इन नौ दिनों तक महिलाओं का प्रवेश वर्जित कर दिया जाता है। जिला मुख्यालय बिहार शरीफ से 15 किलोमीटर दूर गिरियक प्रखंड के घोषरामा गांव में मां आशापुरी मंदिर हैं। इस मंदिर में महिलाओं का अंदर प्रवेश करने पर नवरात्रि के समय पाबंदी लगा दी जाती है यह नियम चैत्र नवरात्र और आसान माह नवरात्र के समय लागू रहता है।



### क्या कहते हैं पुजारी

मंदिर के पुजारी चिरंजीव कुमार उपाध्याय बताते हैं कि 9 दिवसीय यहां अखंड व्रत चलता है और यहां सभी जगह वसंत नवरात्रि मनाया जाता है। यहां अलग ढंग से नवरात्री मनाया जाता है। यहां तीनों गुण से पूजा होती थे। सतोगुण रजोगुण तमोगुण, यहां तीन तरह के सात्विक दही दैविक, भौतिक यह तीन सुखों के लिए किया जाता है।

वाममार्गी जो पूजा है वह इसलिए स्त्रियों को प्रवेश वर्जित रखा जाता है कि किसी समय वह अपवित्र हो जाती है। दूसरी तंत्र साधना में नारियों को निषेध माना गया है। इसलिए महिलाओं को नवरात्रि के मौके पर प्रवेश वर्जित रखा गया है। नवरात्रि की तैयारी अभी से की जा रही है सात्विक आहार ले रहे हैं, सात्विक भोजन कर रहे हैं, सात्विक विचार है, सात्विक सोच है और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया,इसी शब्दों के साथ कल्याणमयी वातावरण 9 दिवसीय गूंजता रहता है।

### मां के नाम पर पड़ा गांव का नाम

मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण राजा घोष के द्वारा करवाया गया था। इसलिए इस गांव का नाम घोषरामा पड़ा। क्योंकि इस इलाके में आशापुरी मां स्वयं प्रकट हुई थी और जिस स्थान पर प्रकट हुई वहां पर मंदिर का निर्माण करवाया गया है। पौराणिक प्रथा के अनुसार इस मंदिर का नाम आशापुरी रखा गया है। क्योंकि यहां बौद्ध काल में 1800 बौद्ध भिक्षु आकर अपनी मनोकामना पूर्ण करते थे। आदिकाल से ही इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश नवरात्रि के समय वर्जित है यहां पर दूर दराज से तांत्रिक माता के दरबार में सिद्धि करने आते हैं।

### पालकालीन हैं मूर्तियां

मां आशापुरी मंदिर में माता का सिद्धिदात्री का स्वरूप है। माता का मंदिर पाल कालीन माना जाता है। इस मंदिर में आशापुरी देवी की दो मूर्तियों के साथ शिव पार्वती और भगवान बुद्ध की कई मूर्तियां हैं यहां की सभी मूर्तियां काली है। मंदिर की परंपरा ना टूटे और महिलाओं की पूजा भी ना रुके इस वजह से मंदिर के प्रांगण में अलग से मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवरात्रि में यहां आकर महिलाएं पूजा अर्चना करती है।

## दो ऑटो की टक्कर में दो युवक की मौत:मुजफ्फरपुर में ऑटो की भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

### इलाज के लिए ले जाते समय युवकों ने तोड़ा दम



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर सामने आया है। ताजा मामला मीनापुर थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के पास का है। जहां एक ऑटो ई रिक्शा और डाला टेंपू में हुई सीधी भिडंत में ई रिक्शा सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज लाने के क्रम में एक युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे युवक ने इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। वही, इस सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों के परिजनों में हड़कंप मच गया है। भीषण सड़क हादसे में दो युवक की मौत के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया है। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों ऑटो की भिडंत में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है।

पूरी घटना जिला के मीनापुर थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड के पास की बताई जा रही है। देर शाम हुई इस सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। जहां इस हादसे में गंभीर रूप में घायल दोनों युवकों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए स्यस्ब्ष्ट॥ में भेजा गया जहां दोनों ने युवकों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। इस सड़क हादसे में मृत युवकों की पहचान मीनापुर थाना क्षेत्र के तालिमपुर के निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार और 23 वर्षीय छोटेलाल कुमार के रूप में किया गया है। पुलिस मामले में आगे की करवाई में जुटी हुई है। जहां दोनों शव को कब्जे में लेकर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के मोर्चरी में भेज दिया गया है।

## केंद्रीय विद्यालय ने घटाई एडमिशन की सीटें :अब 40 की जगह सिर्फ 32 सीटों पर ही होगा आवेदन





### राज्य बदलने पर प्राइवेट जॉब वालों के बच्चों को नही मिलेगा ट्रांसफर

**पटना, एजेंसी।** बिहार के 49 केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार पैरेंट्स को अपने बच्चों के एडमिशन में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि केवी ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। वहीं बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। स्कूल की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन के अनुसार अब हर क्लास में सिर्फ 32 सीटों के लिए ही नामांकन होगा। इससे पहले तक प्राइमरी से हायर सेकंडरी तक हर क्लास में 40 सीटें होती थीं।

### नई शिक्षा नीति के तहत किया गया बदलाव

केंद्रीय विद्यालयों में हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं, सीटें घटने से अब मुश्किल होगी। वहीं, बच्चों के ट्रांसफर पॉलिसी में बदलाव के तहत सबसे ज्यादा असर प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे पैरेंट्स पर पड़ेगा। प्राइवेट सेक्टर की नौकरी कर रहे पेरेंट्स का राज्य के बाहर ट्रांसफर होने पर बच्चों को दूसरे राज्य के स्कूल में ट्रांसफर नहीं मिलेगा।

पटना स्थित केंद्रीय विद्यालय रीजनल ऑफिस की सहायक आयुक्त सोमा घोष ने बताया कि यह निर्णय नई शिक्षा नीति के तहत लिया गया है। KV में अधिक संख्या में छात्र होने से उन पर पूरी तरह ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है और उनकी क्षमता घट जाती है। इसलिए सीटों में कटौती संब-धी यह निर्णय लिया गया है।

### ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ सिर्फ सरकारी नौकरी वालों को

केंद्रीय विद्यालय में सरकारी नौकरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। अगर पेरेंट्स का कहीं और ट्रांसफर होता है तो बच्चों को भी इंटर-स्टेट ट्रांसफर की सुविधा मिलती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। पहले सीटें खाली होने पर सभी पेरेंट्स के बच्चों को ट्रांसफर की सुविधा थी। अब सिर्फ सरकारी नौकरी में पदस्थ पेरेंट्स के बच्चों को ही ये सुविधा मिलेगी। प्राइवेट नौकरी में काम कर रहे लोगों के बच?चों को स?टेट ट्रांसफर की सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

### ससुरङ्कबहू की बेहरमी से पिटाई :पड़ोसी युवक बहू पर कर रहा था टोनबाजी

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव में रविवार को महिला पर टोनेबाजी करने का विरोध करने पर ससुर और बहू की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। इस घटना में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा आननङ्कफानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। ज़ख्मियों में संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव निवासी स्वर्गीय गजाधर रजक के 60 वर्षीय पुत्र विश्वकर्मा रजक और उनकी बहू अभिनाश रजक की 35 वर्षीय पत्नी अनिता देवी है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाख का इनामी अपराधी नागमणि महतो को बेगुसराय की पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया



**बेगूसराय।** चेरियाबरियापुर थानान्तर्गत 03 लाख का ईनामी दुर्दांत कुख्यात अपराधी नागमणि महतो उर्फ नागो को SDPO मंझौल के नेतृत्व में चेरियाबरियापुर थाना की पुलिस टीम, जिला आसूचना इकाई एवं S.T.F SOG-03 की संयुक्त कार्रवाई में दिल्ली से किया गया गिरफ्तार। हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट जैसे काण्डों में था फिरार। इस गैंग के खातमें से बेगूसराय जिलान्तर्गत अपराध पर लगेगा अंकुश। घटना का विवरण :- बेगूसराय जिला के दुर्दांत कुख्यात अपराधकमी नागमणि महतो उर्फ नागो जो हथियार के बल पर रंगदारी, हत्या, अपहरण एवं आर्म्स एक्ट जैसी कई घटनाओं को अंजाम दिया था को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंझौल, श्री नवीन कुमार के नेतृत्व में चेरियाबरियारपुर थाना की पुलिस टीम, जिला आसूचना इकाई बेगूसराय एवं S.T.F SOG-03 की संयुक्त कार्रवाई में हरिनगर, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उक्त अपराधी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय के निर्देश पर इसके छिपने के सभी संभावित जगहों पर लगातार छापेमारी कराया जा रहा था। नागमणि महतो बेगूसराय जिले के चेरियाबरियारपुर थाना अन्तर्गत कुम्भी गाँव का रहने वाला है। इसके द्वारा रंगदारी, हत्या, लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट जैसे कई गंभीर अपराधों को अंजाम दिया गया था। उक्त कुख्यात अपराधी पर बेगूसराय जिलान्तर्गत कई मामलें दर्ज है। बेगूसराय पुलिस दल, जिला आसूचना इकाई, बेगूसराय एवं S.T.F SOG-03 की सयुंक्त कारवाई में कुख्यात अपराधकर्मी नागमणि महतो को दिल्ली स्थित हरिनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम / पता :-नागमणि महतो उर्फ नागो पे०-स्व० जयप्रकाश महतो सा०-कुंभी थाना-चेरियाबरियारपुर जिला बेगूसराय।

### चैती दुर्गा पूजा के लिए तैयारी जोर-शोर से कलश स्थापना आज़



**बखरी(बेगूसराय)।** बखरी प्रखंड के डरहा गांव स्थित चैती दुर्गा पूजा की तैयारी जोर- शोर से चल रही है। पूजा समिति के सदस्यों तथा मंदिर के अध्यक्ष राजकुमार राय ने बताया कि चैती नवरात्र को लेकर मंगलवार को अहले सुबह विधि विधान के साथ कलश की स्थापना की जाएगी तथा मां दुर्गा का पाठ भी आरंभ होगा । वही गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती नवरात्र को लेकर गांवों में उत्साह देखा जा रहा है। पूजा को लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मंदिर परिसरों उसके आस पास साफ -सफाई का कार्य चल रहा है। ज्ञात हो कि 1918 से उक्त स्थल पर मंदिर के द्वारा धूमधाम के साथ चैती नवरात्र के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा- पाठ के साथ- साथ मेला, भक्ति जागरण ,नाटक आदि का कार्यक्रमों का आयोजन किए जाते हैं जिसमें बखरी क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भाग लेते हैं।

### आप आम पार्टी द्वारा केजरीवाल के गिरफ्तारी के विरोध में एक दिवसीय उपवास



**बेगुसराय।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर महमदपुर स्थित पार्टी कार्यालय में जिला प्रभारी शिवदयाल की अध्यक्षता में 11बजे से 3बजे तक उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी शिवदयाल ने कहा कि आज पार्टी के देशव्यापी आह्वान पर बेगूसराय में उपवास कार्यक्रम पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक सह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ED द्वारा की गई गिरफ्तारी के विरोध में किया गया है। शिवदयाल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर करारा प्रहार है। केन्द्र की भाजपा सरकार ED का गलत इस्तेमाल कर फर्जी केस के सहारे विपक्ष के तमाम बड़े नेताओं को गिरफ्तार करा कर लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका को समाप्त करना चाहती है। शिवदयाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा के भय को दर्शाती है। समूचा देश जानता है कि तथाकथित शराब घोटाला एप्रुभर के बयान पर आधारित हैं। जो लगातार अपना बयान बदलता रहा है। शिवदयाल ने कहा कि तथाकथित शराब घोटाले में ED पिछले 2 वर्षो से जांच कर रही है। लेकिन आज तक एक पैसे की जप्ती नही हुई है। केन्द्र की भाजपा सरकार आम आदमी पार्टी से भयभीत होकर पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व को लंबे समय तक जेल में रखना चाहती है। लेकिन देश की जनता सब देख रही है। आने वाले लोकसभा के चुनाव में इसका माकूल जबाव देगी। इस उपवास कार्यक्रम में मुंगेर जोन के प्रभारी गणेशदत्त पाठक सहप्रभारी अविनव कुमार. उपाध्यक्ष जितेन्द्र राय. गीता सिंह. बखरी विधानसभा के प्रभारी रामाश्रय पासवान. श्री नारायण यादव. सिकंदर कुमार. दिव्यरंजन.राजेन्द्र रजक.सुरेन्द्र साह.चेरियाबरियारपुर विधानसभा के प्रभारी सुधीर कुमार सिंह .उपाध्यक्ष राजेन्द्र दास.धीरज कुमार. राजेश चौधरी.संजर आलम सहित अनेक लोग शामिल हुए।

### सीपीआई समर्थित परिहारा उप मुखिया की कुर्सी गई



**बखरी (बेगूसराय)।** परिहारा पंचायत भवन में सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परिहारा पंचायत के उप मुखिया चंदन कुमार के विरुद्ध रखे गए अविश्वास प्रस्ताव पर मत विभाजन संपन्न हुआ। मत विभाजन में आवास पर्यवेक्षक मुकेश कुमार के इस कार्य के लिए तैनात पर्यवेक्षक की देख रेख में संपन्न हुआ। बैठक में उपस्थित 16 वार्ड सदस्यों ने मत विभाजन में भाग लिया। उप मुखिया चंदन कुमार देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 11 वार्ड सदस्यों ने मत दिए। जबकि, एक मत रद पाया आवास पर्यवेक्षक ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव सदस्यों के बहुमत के आधार पर पारित हो गया। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद परिहारा पंचायत के उप मुखिया का पद रिक्त हो गया। बता दें कि 16 वार्ड सदस्यों में से 11 वार्ड सदस्यों ने गत 1 अप्रैल को उप मुखिया के विरुद्ध अविश्वास का प्रस्ताव रखते हुए मत विभाजन की मांग की थी। इसके आलोक में मुखिया आरती देवी ने आठ अप्रैल जुलाई की तिथि निर्धारित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को विधि व्यवस्था संधारण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र दे दिया था। मत विभाजन के मौके पर सहयोग करने हेतु पंचायत सचिव राजकुमार मंडल कुमार तैनात थे।

### मोटरसाइकिल की ठोकर से अधेर महिला गंभीर रूप से घायल

**बछवाड़ा (बेगूसराय )।** थाना क्षेत्र रानी एक पंचायत के कोल डिपो के समीप एनएच 28 पर सोमवार की सुबह अज्ञात मोटरसाइकिल की ठोकर से लगभग 50 वर्षीय अधेर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया गया। घायल महिला की पहचान रानी एक पंचायत के वार्ड संख्या 11 झमटिया गांव निवासी सत्यनारायण राय के पत्नी चित्रलेखा देवी के रूप में की गई है। घायल महिला के परिजनों ने बताया कि सुबह अपनी पोती को स्कूल के बस में चढाने के लिए एनएच 28 पर गयी थी। वापस सड़क पार करने के दौरान तेघड़ा से बछवाड़ा की तरफ तेज रफ्तार से जा रही मोटरसाइकिल चालक ने ठोकर मार दिया दिया। जिस कारण उक्त महिला बुरी तरह से घायल हो गई। जिसे ग्रामीणों की मदद से इलाज में भेजा गया। वही ठोकर मारने के बाद मोटरसाइकिल चालक भागने में सफल रहा।

# लोकतंत्र अधिकार का किया जा रहा चिरहरण शत्रुघ्न







**इंडिया गठबंधन ने अवधेश राय को जीताने का लिया संकल्प**

चाणक्य भूमि

आम लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार का भाजपा सरकार द्वारा चीरहरण किया जा रहा है,जिसका सबसे बड़ा उदाहरण है, देश की सबसे जनप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठा आरोप लगा कर जेल में डाल दिया है, जबकि भृष्टाचार के मामले में भाजपा के लोगों ने इलेक्ट्रोल बांड मामले में दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला किया है।उक्त बातें आज बखरी के साहू धर्मशाला में इंडिया गठबंधन के बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र संयोजक सह पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा।उन्होंने आगे कहा कि महागठबंधन के इतिहास है कि देश मे सबसे पहला मुख्यमंत्री लालू प्रसाद हैं जिन्होंने लोकसेवा द्वारा शिक्षकों की बहाली किया। जबकि भाजपा सरकार द्वारा ठेका पर बहाली की प्रक्रिया अपनाती है, इसलिए मोदी की गारंटी बेरोजगारी बढ़ाने की है।इसलिये गरीबो की सरकार बनाने एवं बेगूसराय की आवाज को संसद में जोरदार ढंग से उठाने के लिये अवधेश कुमार राय को जिताईये।गठबंधन इंडिया गठबंधन के बेगुसराय लोकसभा प्रत्याशी अवधेश कुमार राय ने कहा कि हम बेगूसराय के आमलोगों के बीच घुल-मिल कर काम करेंगे,बुनियादी सवालों की लड़ाई के लिये सड़क से संसद तक लड़कर बेगुसराय के गौरव राष्ट्रीय क्षितिज पर लेने के लिए अपने शरीर के एक-एक कतरे को समर्पित के दूंगा।बेगूसराय फल-फूल रहे औदौगिक नगरी में बेगुसर के नौजवानों को रोजगार दिलाने के लिए जान की बाजी लगा दूंगा।अवधेश कुमार ने सबकी सुना है, सबकी सुनेगा,सबको साथ लेकर चलने की हमारी संस्कृति रही है,इसलिये में किसी को शिकायत का मौका नही दूंगा। महागठबंधन विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार ने 17 साल बनाम 17 महीना का विकल्प दिया,जिसमे ढाई लाख नौजवानों को नौकरी दिया है,इसलिये इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनेगी तब ही बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा,इसलिए भाजपा भगाओ- देश बचाओ,भाजपा भगाओ-लोकतंत्र बचाओ।राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि बेगूसराय जिले में चार अनुमंडल और पांच प्रखण्ड लालू जी के द्वारा बनाया गया है, इसलिए हमारी सरकार ही बनेगी तब बेगूसराय सहित देश का विकास होगा।राजद प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश यादव की अध्यक्षता में एवं सुरेश सहनी के संचालन में आयोजित हुई बैठक को राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव,पूर्व विधायक उपेंद्र पासवान,राजद विधानसभा प्रभारी हरेराम महतो,माले जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। वही बैठक में भाकपा के शिव सहनी,जीतेन्द्र जितू,संजय राय,बलराम स्वर्णकार,मो शबाब आलम,आप पार्टी के गणेश दत्त पाठक,सीपीएम के माले के योगेंद्र पासवान,सीपीएम के कुमोद कुमार सिंह,कोंग्रेस के सुमन जीत सिंह सुमन, मो अरशद,शांति झा, केदार केशरी, मो औवैष खान, समाजवादी पार्टी के दिलीप केशरी, राजद के मनोहर केशरी, राजा उर रहमान, जयकांत यादव,जन पहल के विकास वर्मा,भी आई पी के रामचन्द्र सहनी समेत इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूलों में दीक्षांत समारोह का आयोजन





चाणक्य भूमि

9 अप्रैल सोमवार को आरडीपी प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल मंझौल के प्रांगन में विद्यालय इतिहास का प्रथम दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया|दीक्षांत समारोह वह आयोजन है जिसमे मेधावी विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के समक्ष पुरस्कृत , सम्मानित ,एवं उत्साहवर्धन किया जाता है| हाल ही में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं का परीक्षाफल बोर्ड द्वारा जारी किया गया जिसमे विद्यालय की बेटियों ने बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने माता पिता, गांव ,समाज ,विद्यालय एवं गुरुजनों का सर गर्व एवं सम्मान के साथ ऊँचा कर दिया | वही नवम और ग्यारहवी कक्षा की छात्राओं की वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर सभी मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने हेतु आज पहली बार विद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया| आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अनिल सिंह ने दीप जला कर समारोह की शुरुआत की| कार्यक्रम की अध्यक्षता सह मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक सुदर्शन अंशुमाली जी ने किया| 'नींद आती है तो सुनहरे सपने देखो,देखते ही देखते वे हकीकत में बदल जायेंगे'कथन से शुरू हुआ यह कार्यक्रम तालियों की गर्गाराहत से गूंज उठी जब उपस्थित गणमान्यो में से गौरीशंकर झा,श्री अनिल कुमार,पत्रकार श्री महेश प्रसाद, अजय जी,तथा विजय कुमार द्वारा आशीर्वचन के रूप में कहा कि "मत सोच अनागत क्या होगा कल का कोई अस्तित्व है क्या, जो तप नही है विपदा में उसका कोई व्यक्तित्व है क्या"|वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में विद्यालय में प्रथम स्थान सुश्री स्वेता श्री,द्वितीय स्थान सुश्री खुशबु ,तृतीय स्थान विभा कुमारी ने प्राप्त किया ,वही उच्च माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024में विद्यालय में प्रथम प्रियांशु कुमारी, द्वितीय स्थान ख़ुशी कुमारी, तृतीय स्थान अदिति कुमारी ने प्राप्त किया | इन सभी छात्राओं को गणमान्यो द्वारा, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं मैडल से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया| वरिष्ट शिक्षक जटाशंकर झा, सबिता कुमारी ने नवम वर्ग की विद्यालय में प्रथम अंकिता कुमारी को प्रशस्ति पत्र , मोमेंटो तथा मेडल से सम्मानित किया | मनीष कुमार झा ,एवं अर्चना झा ने नवम वर्ग की द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही नेहा और पल्लवी को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं मैडल देकर सम्मानित किया| विद्यालय परिवार की सबसे नई सदस्य नवम वर्ग की छात्राओं को नूतन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम के तहत दशम वर्ग की छात्राओं द्वारा तिलक लगा एवं पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत विद्यालय परिवार में किया |नूतन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम विद्यालय की शिक्षिका अर्चना कुमारी, श्रीमती रीना कुमारी, सुमन कुमारी, मीरा कुमारी, किरण कुमारी , अंजू कुमारी के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसमे विद्यालय परिवार की सबसे नई नवम वर्ग छात्राओं द्वारा रंगोली भी बनाई गयी| इस अवसर पर गणमान्यो द्वारा वृक्षारोपण कर यह सन्देश दिया की बिना वृक्ष संसार का मतलब ही नही, प्रकृति ही वास्तविक जननी है |अनुशासन को बनाये रखने में बाल संसद पदाधिकारी धर्मराज ,शफी अहमद, श्री सोनम कुमारी, रचना झा, सरस्वती कुमारी के नेतृत्व में बाल संसद प्रधानमंत्री शालिनी के साथ मंत्रिमंडल सदस्य मेघा, अंकिता, जैस्मिन, नेहा इत्यादि ने सक्रिय भूमिका निभाई| कार्यक्रम की सम्पूर्ण रुपरेखा डॉ चन्दन कुमार के निर्देशन में शिक्षक श्री शशिभूषण, श्री कौशल कुमार पासवान संतोष कुमार तथा सुधीर दास ने अग्रणी भूमिका निभाई | इस दीक्षांत समारोह का समापन, धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रधानाध्यापक डॉ चन्दन कुमार ने आशीर्वचनो के साथ किया| इसके अतिरिक्त जय मंगला प्लस टू विद्यालय मंझौल में भी हम मनीष कुमार के नेतृत्व में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में अभिभावकों स्कूल के प्रबंध करनी समिति के सदस्यों एवं शिक्षा प्रेमियों के बीच वर्ग नवम दशम 11वीं तथा 12वीं वर्ग के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मिडिल प्रशस्ति पत्र एवं मूवमेंट को देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल प्रबंधन करनी समिति के शिक्षा प्रेमी सदस्य अनुराग कुमार समेत स्कूल के छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं तथा काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

### रामनावमी पर बखरी में बजरंग व्यायामशाला निकलेगी अखड़ा ज़ुलुस



चाणक्य भूमि

बखरी में बजरंग व्यायामशाला का गौरवशाली अतीत रहा है।जहां रामनवमी के मौके पर विगत 79 वर्षों से अखाड़ा जुलूस निकली जाती है। सन 1945 में स्थानीय युवाओं ने पड़ोसी जिला खगड़िया से आए गुरु त्रिवेणी के मार्गदर्शन में लाठी, तलवार, मुग्दर आदि अस्त्र शस्त्र का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रकार से यहां अखाड़े की शुरुआत हुई। प्रत्येक वर्ष रामनवमी के मौके पर व्यायामशाला परिसर में बजरंगबली की पूजा व ध्वजारोहण के बाद मुख्य बाजार में अखाड़ा जुलूस निकल जाने की परंपरा चली आ रही है। इस दौरान रामभक्त पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र से कलाबाजी का प्रदर्शन करते हैं। व्यायामशाला में गुरुजी की भूमिका में प्रशिक्षण देने वाले संस्थापक सदस्य में से एक राजेंद्र ठाकुर व श्यामसुंदर केशरी का कहना है कि इस वर्ष रामनवमी के शोभायात्रा को भव्य रूप से निकालने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकी लोगो के आकर्षण का केंद रहेगी।इसके आलावे रथ को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। अखड़ा जुलुस ढोल नगाड़े की धुन पर युवाओं के जोश व श्रीराम के नारों के साथ गौशाला परिसर स्थित व्यायामशाला से निकलेगी जो मुख्य बाजार होते हुए ओम श्याम हनुमान मंदिर पर जाकर समाप्त होगी।व्यायामशाला के सदस्य रामचंद्र केसरी, अमित केसरी, राजेश राज, लड्डू गोपाल, पारस साह, प्रिंस सिंह परमार, अनुभव आनंद, मनीष कुमार, समीर श्रवण, सचिन केसरी, शक्ति सिंह, छोटू केसरी आदि ने शोभायात्रा में लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के पश्चात् पहली बार आयोजित रामनवमी के त्यौहार को हम हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। सदस्यों ने वर्षों से उपेक्षा के शिकार हुए इस व्यायामशाला में खेल कूद व जिम का सामान लगाने की मांग की है।

### 26 जनवरी को दिल्ली पैरेड में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों को कॉलेज में किया गया सम्मानित

चाणक्य भूमि



रामचरित्र महाविद्यालय मंझौल के विद्यार्थी एवं एनसीसी 9 बिहार बटालियन के कैडेट सुरभि कुमारी और उत्तम कुमार को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ये दोनों कैडेट 26 जनवरी, 2024 के गणतंत्र दिवस के परेड में महाविद्यालय की तरफ से प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने एनसीसी का जीवन में महत्व क्या है, इस पर विस्तार से चर्चा की। एनसीसी के केयर टेकर डॉ. रवि कांत आनंद ने महाविद्यालय के एनसीसी इकाई की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि बेगूसराय जिले में राम चरित्र सिंह महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन और उपलब्धि 9 बिहार बटालियन में सर्वोत्तम है।

# दीक्षान्त समारोह सह मतदाता जागरूकता अभियान





चाणक्य भूमि

बरौनी प्रखंड स्थित सिमरिया-01 पंचायत के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मारक उ मा वि सिमरिया में दीक्षांत समारोह सह मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम एवं प्रवेशोत्सव का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार शर्मा ने किया वहीं मंच संचालन प्रवीण प्रियदर्शी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुरेश कुमार राय संयुक्त सचिव बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, श्री शिवप्रकाश भारद्वाज भारद्वाज विद्यापीठ बेगूसराय, अभिषेक कुमार निर्देशक संत जोसेफ स्कूल बेगूसराय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बरौनी श्री अनुरंजन कुमार एवं समस्त शिक्षकगण ने सर्वप्रथम राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया। अतिथियों को दिनकर विकास समिति के कोषाध्यक्ष रामनाथ सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डॉक्टर गोपाल कुमार एवं पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता शंभू प्रसाद सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। आज के दीक्षांत समारोह में दसवीं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण आलोक कुमार, मयंक कुमार तथा साक्षी कुमारी।12वीं विज्ञान कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रमन कुमार, अमन कुमार एवं पुजा कुमारी, बारहवीं कला में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण दीप्ति सुमन, नीतु कुमारी, तथा सुंदरम कुमार वहीं नौवीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण श्रेया कुमारी,पायल कुमारी, नैन्सी कुमारी को एवं कब्बड्डी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्रा पुष्पांजली कुमारी, राज्य स्तरीय रिया कुमारी , सुप्रिया कुमारी को अंगवस्त्र, मेडल एवं ज्ञान विज्ञान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रधान कुलदीप यादव ने स्वागत भाषण से तथा छात्रों ने स्वागत गीत दिनकर रचित कलम आज उनकी जय बोल से किया गया। अंत में मंच संचालक प्रवीण प्रियदर्शी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के छात्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार प्रसार किया। इधर छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी को लघु नाटक द्वारा प्रदर्शित कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। मौके पर कृष्ण मुरारी, प्रदीप कुमार गुलशन कुमार, अमन कुमार, पप्पू कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधोक्षक द्वारा बेगूसराय सदर एवं मटिहानी के डिस्पेच सेंटर का निरोक्षण किया गया







चाणक्य भूमि

दिनांक 08.04.2024 को लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की तैयारी की समीक्षा के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय श्री मनीष के द्वारा संयुक्त रूप से EVM डिस्पेच सेंटर जो कि जी०डी० कॉलेज, बेगूसराय में अवस्थित है का अन्वेषण किया गया। यही डिस्पेज सेंटर से बेगूसराय सदर एवं मटिहानी विधान सभा क्षेत्र के EVM का डिस्पेच किया जायेगा।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यपालक अभिंयता, भवन प्रमंडल द्वारा EVM रख-रखाव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा वाहन के रख-रखाव संबंधी जानकारी दी गयी। उनके द्वारा बताया गया कि वाहनों को रखने हेतु जगह कम पड़ेगी इसलिए जिला पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा निदेश दिया गया कि जी०डी० कॉलेज के आसपास वाले स्कूलों एवं मैदानों को आवश्यकतानुसार चिन्हित करें।सहायक निर्वाची पदाधिकारी सदर के द्वारा EVM के रख-रखाव, EVM Selling, वाहन एवं अन्य विभाग संबंधी तैयारियों के बारे में जानकारी दी गयी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा डिस्पेच सेंटर पर सामग्रियों की उपलब्धता हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक निदेश दिया गया।कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को कार्मिक से संबंधित तैयारी हेतु आवश्यक दिशा-निदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर समहर्ता, उप विकास आयुक्त, ADM PGRO, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे, साथ ही निर्वाचन कोषांग के पदाधिकारी एवं बेगूसराय सदर के अनुमंडल पदाधिकारी के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी भी मौजूद थे।

# जिले में नल -जल योजना हो रहा है धीरे-धीरे ध्वस्त होने के राह पर



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

• लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग द्वारा अभिकर्ताओं को पिछले 6 वर्षों से नहीं हो रहा है भुगतान।

गौनाहा प्रखंड के सुभद्रा में सटे उत्तर दिशा में स्थानीय लोगों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नल- जल योजना अंतर्गत वाटर पंप स्थापित गया। जिससे मोटर पंप के माध्यम से आज भी निर्धारित समय अनुसार जलापूर्ति तो प्रतिदिन किया जाता है। परन्तु मोटर पंप के अभिकर्ता मनोज सिंह का कहना है कि लगभग 6 वर्षों से मोटर पंप का संचालन हो रहा हैं परन्तु विद्युत ऊर्जा के विपत्र का भुगतान एवं रख रखाव यानी मेंटेनेंस का पैसा विभाग द्वारा भुगतान नहीं होने के कारण अब मोटर पंप धीरे-धीरे ध्वस्त होने के कगार पर है। उन्होंने बताया कि चैत मांह के रामनवमी के अवसर पर सुभद्रा माई स्थान पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें संपूर्ण जिले सहित थारू बाहुल्य क्षेत्र एवं पड़ोसी देश नेपाल के लोग इस मेले में भारी संख्या में आते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी एवं मेले के आयोजन के समय विद्युत विभाग ने अपने विद्युत विपत्र के बकाया राशि के आरोप में विद्युत विच्छेदन कर देगी तो आम नागरिकों के साथ एक बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी।

# ईद पर्व को लेकर शांति समिति बैठक सम्पन्न



चाणक्य भूमि मैनाटांड़

प्रखंड के मैनाटांड़ और इनरवा थाना परिसर में रविवार को मैनाटांड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार और इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में शांति समिति बैठक कार्यक्रम आयोजन किया गया। ईद पर्व सौहार्दपूर्ण व सदभाव के बीच मानना है ईद पर्व को लेकर आदर्श आचार संहिता का मद्देनजर देखते हुए ईद पर्व पूर्ण सद्भाव भाई चारा के साथ मनाने एवं के पूर्ण रूप में नहीं घूमने के बारे में बताया गया अधिकारियों ने कहा कि ईद पर्व को अपने घर एवं समाज के साथ मिलकर मनाये हुड़दंग करने वाले को किसी भी सूरत बक्सा नहीं जाएगा । मैनाटांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि अगर हुड़दंग करते हुए पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । जिसमें मैनाटांड़ सीओ आशीष आनंद और मैनाटांड़ थाना में मंटू कुमार और जन प्रतिनिधि आदि शामिल थे। और इनरवा में जन प्रतिनिधि चौकीदार आदि शामिल रहे ।

# 30 लीटर शराब सहित एक कारोबारी की गिरफ्तार



चाणक्य भूमि बेतिया

गुप्त सूचना के आधार पर नगर थाना के बसवरिया में शराब कारोबारी के यहाँ छापामारी की गई । नगर थानाध्यक्ष बेतिया के निर्देशानुसार की गई छापामारी में भगवानदीन के घर से पुलिस ने 15 लीटर देसी चुलाई शराब सहित 5 लीटर के कुल 3 गैलन जिनमें लाल रंग के एक एवं उजाला रंग के दो गैलन शराब बरामद की साथ ही एक कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया । इस छापेमारी का नेतृत्व कर रहे पु.अ.नि. ऋतुराज जायसवाल ने ढाई सौ लीटर अर्ध निर्मित शराब को विनष्ट कराया है। छापेमारी में पकड़े गए कारोबारी की पहचान अंबेडकर नगर के भगवानदीन के पुत्र राधेकांत के रूप में हुई है जिसे बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 30 ए, के तहत गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरान्त न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।






























# अगलगी में पांच घर जलकर नष्ट,लाखो की क्षति

• तिरूवाह के महनवा गावं वार्ड 13 की घटना

चाण्क्यभूमि(कनकलता)



**बेतिया**।मझौलिया प्रखंड अंतर्गत महानवा गांव के वार्ड नंबर 13 में रविवार की देर रात अचानक लगी आग से पांच लोगों का झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गया।अगलगी में मुसमात कलावती देवी ,रघुनाथ साह,गांधी साह,गोपाल साह तथा दीनानाथ पाण्डेय का घर जला है।वार्ड सदस्य सजावल अंसारी ने बताया कि आग से सर्वाधिक क्षति गांधी साह का हुआ है।घर में रखें किराना सामान के साथ फ्रीज गहना कपडा ठंडा बोतल सब जलकर राख हो गया है।बताते है कि आग लगने की खबर पर अग्निशमन दस्ता पहुंचा तब तक सब कुछ जल चुका था।सीओ राजीव रंजन ने बताया घटना स्थल पर जांच के लिए राजस्व कर्मचारी को भेज दिया गया है।क्षति का आकलन कर सभी को सरकारी सहायता मुहैया कराई जायेगी।

# चौथी पुण्यतिथि पर याद किये गये मझौलिया के अधिवक्ता हीरालाल हाजरा

चाण्क्यभूमि(कनक लता)



पुण्य तिथि पर याद किये गये अधिवक्ता हीरालाल हाजरा

बेतिया।चौथी पुण्य तिथि पर याद किये गये अधिवक्ता व निगरानी सदस्य हीरालाल हाजरा।सोमबार को आयोजित एक सादे समारोह में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।समारोह की अध्यक्षता मझौलिया पंचायत के मुखिया सह भाजपा एससी एसटी के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश ने की।उन्होंने अपने पिता स्व. हिरालाल हाजरा के जीवनी पर प्रकाश डाला।समाजसेवी सुमन पांडेय ने कहा कि अधिवक्ता हीरालाल हजरा एक नेक दिल इंसान थे।उनका सफर धरातल से शुरू होकर क्षितिज तक पहुंचा था।छोटे बड़े सभी के चहेते थे।पूर्व संचार मंत्री लोजपा प्रमुख स्व. राम विलास पासवान के काफी करीबी थे।बिगत 08अप्रैल 2020 को उन्होंने अंतिम सांस ली थी।राजनीति में शुरू से ही उनकी दिलचस्पी थी।उनकी लोकप्रियता के कारण ही उन्होंने अपनी पत्नी लालमति देवी को जिला पार्षद बनाया।वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2011 तक जिला परिषद का पद उनकी पत्नी लालमती देवी सुशोभित की।मझौलिया की राजनीति इनके इर्दगिर्द घूमता रहा।श्रद्धांजलि अर्पित करनेवालो में अधिवक्ता आशिक अंसारी,,विशाल बैभव,पूर्व पंच हसन अंसारी,पत्रकार संजय पांडेय,सत्येन्द्र श्रीवास्तव,रूपेश कुमारआदि का नाम उल्लेखनीय है।मौके पर आध्यमिक उत्सव शिव चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें महिला श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इंटास फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

चाणक्य भूमि मोतिहारी

अपना घर इंटास फाउंडेशन द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कराया गया। जिसमें न्यू गार्डीनियर रोड हॉस्पिटल के स्वास्थ्य कर्मचारीयों द्वारा बढती गर्मी एवम लू के प्रकोप से बचने के उपाय एवम लू लगने पर क्या सावधानी रखनी चाहिए, बताया गया। मरीजों को इंटास फाउंडेशन द्वारा निशुल्क ठहरने, भोजन, अस्पताल से लाने-पहुचाने एवम मानसिक व आथिर्क परामर्श की सहायता उपलब्ध कराया जाता है। कुल 40 ट्रांजिट होम (अपना घर) पूरे भारत में वर्तमान समय में इंटास फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे हैं। मौके पर नर्सिंग स्टाफ नर्सिंग स्टाफ इंतस फाउंडेशन के प्रोजेक्ट एसोसिएट शालिनी सिन्हा, काउन्सलर रोशन कुमार एवं दीपक कुमार मौजूद थे।



# डीएम ने एक कर्मी को किया सस्पेंड तो एक कार्यपालक सहायक को किया सेवा मुक्त

चाणक्य भूमि मोतिहारी

• निम्न वर्गीय लिपिक मनीष कुमार को जिलाधिकारी ने किया सस्पेंड साथ ही एक कार्यपालक सहायक को किया गया सेवा मुक्त

जोरवाल के द्वारा आज चकिया अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित निम्न वर्गीय लिपिक श्री मनीष कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। मनीष कुमार पर कार्य में शिथिलता बरतने, कार्यों के ससमय निष्पादन में आना-कानी करने,अनाधिकृत रूप से कार्यालय से गायब रहने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चकिया के द्वारा पूर्व में तीन बार स्पष्टीकरण किया जा चुका था। इनके द्वारा दिए गए जवाब भी संतोषजनक नहीं थे और उनके कार्य शैली में भी कोई सुधार नहीं दिख रहा था। इसको लेकर एसडीओ चकिया की अनुशंसा पर आज जिलाधिकारी के द्वारा मनीष कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबन के बाद इन पर विभागीय कार्रवाई भी चलाई जाएगी।इस अवधि में इनका मुख्यालय तेतरिया प्रखंड कार्यालय को बनाया गया है। दूसरी तरफ विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल मोतिहारी में संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक नसीर हुसैन की सेवा समाप्त कर दी गई है। इन पर भी अनुशासनहीनता, नियुक्ति एवं प्रभार ग्रहण करने में कार्यालय को गुमराह करना तथा अपराधिक मामले लंबित होने संबंधी तथ्य छुपाने का आरोप था । इनको पूर्व में स्पष्टीकरण किया गया था। श्री हुसैन के द्वारा दिए गए जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कार्यपालक अभियंता की अनुशंसा पर जिलाधिकारी के द्वारा श्री नासिर हुसैन को आज सेवा मुक्त कर दिया गया।

# जिला पार्षद लालू यादव ने किया दीक्षांत समारोह का उदघाटन

चाण्क्य भूमि(कनक लता)



**बेतिया**।सोमवार के दिन मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के लालसरैया कॉलोनी स्थित सीताराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में दीक्षांत समारोह सह वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ जिला परिषद लालू यादव, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चाप 9 वी,11वी,तथा मैट्रिक उत्तीर्ण छात्र तथा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेंमेंटो देकर सम्मानित किया गया । वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य अभिभावक द्वारा विद्यालय में आकर अपने बच्चों की सुधि ले तथा बच्चों के बारे में शिक्षकों से विचार विमर्श करने की एक मुख्य कारण है। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उपेंद्र कुमार ने की । इस मौके पर मोहम्म एजाजुल हक,विमलेंदु कुमार खा ,लोकेश कुमार,वंदना सिन्हा, शबाना तबस्सुम, विनोद कुमार सिंह, संजय कुमार ,विनय कुमार, आदित्य आलोक कश्यप आदि शिक्षक तथा शिक्षिका सहित विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714